भारत सरकार,
कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय,
कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग,
कर्मचारी चयन आयोग,
ब्लॉक स12-,केन्द्रीय कार्यालय परिसर,
लोधी रोड, नई दिल्ली-110003.

Government of India,
Ministry of Personnel, Public Grievances & Pensions,
Department of Personnel and Training,
Staff Selection Commission,
Block No. 12, CGO Complex, Lodhi Road, New Delhi - 110003.

महत्वपूर्ण सूचना

मल्टी टास्किंग (गैर-तकनीकी) स्टाफ एवं हवलदार (सीबीआईसी एवं सीबीएन) परीक्षा, 2021

फा.सं. 3-2/2021-नी.& यो.-I (खण्ड -I) : मल्टी टास्किंग (गैर-तकनीकी) स्टाफ एवं हवलदार (सीबीआईसी एवं सीबीएन) परीक्षा, 2021 के इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 22.03.2022 की परीक्षा विज्ञप्ति देखें एवं निम्नलिखित नोट कर लें:

1. अब तक प्राप्त आवेदनों को केवल "रिकॉर्ड में लिया गया है और सामग्री सत्यापित नहीं की गई है"। पहले से मुद्रित आवेदनों के शीर्ष पर "अनंतिम रूप से स्वीकृत" शब्दों को स्पष्ट रूप से एक पावती के रूप में देखा जाना चाहिए न कि स्वीकृति के रूप में। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे निर्देशों को दोबारा पढ़ें और प्रिंटआउट फिर से लें।

2. अभ्यर्थियों को आगाह किया जाता है कि ऑनलाइन आवेदन पत्र में अपलोड किए गए फोटो और हस्ताक्षर परीक्षा-विज्ञप्ति के अनुरूप होने चाहिए। फोटो और हस्ताक्षर की अपेक्षा के संबंध में स्पष्ट निर्देश पैरा 10.1, 10.2, 23(ठ), 23(द) में परीक्षा-विज्ञप्ति में शामिल किए गए हैं। इसके अलावा, अनुबंध-IV के पैरा 1 (क) और (ख), पैरा 16 और 17 में भी फोटो/हस्ताक्षर के संबंध में स्पष्ट निर्देश शामिल किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, फोटो के नमूने परीक्षा-विज्ञप्ति के अनुबंध-V (प्रति संलग्न) पर भी उपलब्ध कराए गए हैं। फोटो में टोपी / चश्मे / चेहरे का सामने का हिस्सा स्पष्टतः नहीं दिखने से या लघु चित्र/ धुंधली फोटो वाले या लघु/ धुंधले / अस्पष्ट हस्ताक्षर वाले आवेदनों को रद्द कर दिया जाएगा।

3. जिन अभ्यर्थियों ने पहले ही ऑनलाइन आवेदन पत्र भर दिया है, उन्हें प्रिंटआउट की जांच करनी चाहिए और यदि आवश्यक हो, तो सुधार/ संशोधन के लिए दिनांक 05-05-2022 से 09-05-2022 (23:00) तक 'आवेदन फॉर्म सुधार के लिए विंडो' का लाभ उठाना चाहिए और इसके लिए परीक्षा-विज्ञप्ति के पैरा-12 में दिए गए विवरण के अनुसार निर्धारित सुधार राशि का ऑनलाइन भुगतान करना होगा।

4. संशोधित/अंतिम ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने या 'आवेदन फॉर्म सुधार के लिए विंडो' की अवधि की समाप्ति के बाद, किसी भी परिस्थिति में कोई परिवर्तन/सुधार/संशोधन की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस संबंध में डाक, फैक्स, ईमेल, हाथ से आदि किसी भी रूप में प्राप्त अनुरोधों पर आयोग द्वारा विचार नहीं किया जाएगा

अवर सचिव, भारत सरकार

22-04-2022

अनुबंध-V

फोटोग्राफ के नमूने

स्वीकृत फोटोग्राफ

अस्वीकृत फोटोग्राफ के नमूने

अत्यधिक रंगीन

बहुत नजदीक

टोपी के साथ

धुंधले फोटोग्राफ

उल्टी फोटो

अत्यधिक गहरा रंग

धूप वाले चश्मे के साथ

तिरछी दृश्यमान फोटो

बहुत छोटी

चश्मे के साथ